भूगर्भीय आख्या

# दमन से दसउ मोटर मार्ग, जनपद देहरादून समरेखण स्थल की भू–गर्भीय आख्या।

**1. प्रस्तावनाः–** निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार,मुख्यालय–कालसी, देहरादून द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत दमन से दसउ मोटर मार्ग कुल लम्बाई 12.675 किमी0 है। अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार,मुख्यालय–कालसी, देहरादून के अनुरोध पर उक्त स्थल के समरेखण स्थल को भू–गर्भीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनाँक 12.05.2013 को मेगोट इनजीनियरिंग कन्सलटेन्सी प्रा0 लि0, देहरादून के कर्मचारी की उपस्थिति में किया गया।

**2. स्थितिः–** उक्त मोटर मार्ग का समरेखण स्थल जनपद देहरादून के निर्माणधीन हरीपुर से कोटी कि0मी0 19 से प्रस्तावित मोटर मार्ग में स्थित है । उक्त मोटर मार्ग में 13 हेयर पिन बैंड है।

**3. भू–गर्भीय स्थितिः–** प्रस्तावित समरेखण स्थल गढ़वाल लेसर हिमालय में स्थित है जो कि दक्षिण में मेन बाउन्ड्री थ्रस्ट (MBT) एवं उत्तर में मेन सेन्ट्रल थ्रस्ट (MCT) द्वारा सीमित है। समरेखण स्थल के क्षेत्र में गढ़वाल ग्रुप के थिनली फोलिएटेड क्वार्टजाइटस विद्यमान है, जो कि अनेक माइनर एवं जेरक शियर्स एवं चार संधियों से युक्त है। प्रस्तावित मार्ग का प्रारम्भिक भाग $35^0$ से $48^0$ के झुके ढलानों से होकर गुजरेगा, जिस पर अवस्थिल भौल दृष्टिगोचर है। मार्ग के कतिपय स्थानों पर ढालों की तीव्रता $60^0$ है तथा इन स्थानों पर मैसिव चट्टानें अवस्थित दृष्टिगोचर है। समरेखण का लगभग 6.750 किमी भाग $32^0$ से $45^0$ के कोण पर झुके N की दिशा में उन्मुख ढालों से होकर गुजरता है जो किथिक ओवर बर्डन मैटेरियल/रेजीडुअल सायल से ढके हुए है। इन ढालों पर स्थित ओवर बर्डन मैटेरियल/रेजीडुअल सायल की अन्ड्रेन्ड शिर स्ट्रेन्थ 100 K Pa से 150 K Pa तक स्थल पर आंकी गई, स्थल के फ्रेश, कोम्पेक्ट, पार्सियली वेदर्ड है तथा शियर्ड/सैटर्ड, थिनली फोलिएटेड है। इन क्वार्टजाइटस की संधिया परस्पर वेज (Wedge) का निर्माण करती है। स्थल पर इन शैलों को सुनिएक्सियल कम्प्रेसिव स्ट्रेन्थ अलग–अलग स्थानों पर 20–30 M Pa तथा 100–150 M Pa (ISRM-Manual Index) तक आंकी गई। प्रथमदृष्टया समरेखण स्थल एवं इसके समीप के क्षेत्र में कही भी भू–स्खलन/भू–धंसाव दृश्टिगोचर नहीं है। प्रस्तावित मार्ग का अधिकतम मार्ग सनी फेस से होकर गुजरता है।

समरेखण क्षेत्र की भू–गर्भीय स्थिति, भू–तकनीकी आंकलन, भू–आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निम्न सुझाव दिये जा रहें है,

4. सुझाव:–

1- मार्ग की चौड़ाई यथा सम्भव पार्ट कर/पार्ट फिल द्वारा की जाए न कि हिल साईड स्लोप को काट कर।

2- चट्टानी भागों की गुणवत्ता को बनाएँ रखने के लिये इन पर सीमित विस्फोट किये जाये।

3- सड़क की स्थिरता के लिए उचित Drainage की व्यवस्था की जाये।

4- जहां पर आवश्यकता हो, रिटेनिंग/ब्रैस्ट वॉल का निर्माण किया जाये।

5- पहाड़ी क्षेत्र में बनने वाले मार्गों के लिए निर्धारित सिविल अभियान्त्रिक विशिष्टियों एवं मानकों का पालन किया जाए।

5. **निष्कर्ष:**– समरेखण स्थल पर किए गए भू–गर्भीय अध्ययन के आधार पर उपरोक्त सुझाव का अनुपालन करते हुए यह समरेखण मार्ग बनाने हेतु उपयुक्त है।

MAGOTEC Pvt Ltd Dehradun

(J N Dhaundiyal)
Director
Engineering Geology Division
Geological Survey of India

(जे०एन०ढौडियाल)
भूवैज्ञानिक

परियोजना का नाम :– जनपद देहरादून में प्रधान मन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित दमन से दसउ मोटर मार्ग (12.675 कि0मी0), के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

## भू–वैज्ञानिक/जिला टास्क फोर्स की संस्तुतियों का अनुपालन किये जाने का प्रमाण–पत्र।

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित परियोजना हेतु भू–वैज्ञानिक/जिला टास्क फोर्स द्वारा दिये गये सुझावों/शर्तों का निर्माण कार्य के दौरान प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पूरी तरह अनुपालन किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ट अभियन्ता<br>पी0एम0जी0एस0वाई<br>निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,हरिद्वार<br>(मुख्यालय कालसी), देहरादून | सहायक अभियन्ता<br>पी0एम0जी0एस0वाई<br>निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,हरिद्वार<br>(मुख्यालय कालसी), देहरादून | अधिशासी अभियन्ता<br>पी0एम0जी0एस0वाई<br>निर्माण खण्ड लो0नि0वि0,हरिद्वार<br>(मुख्यालय कालसी), देहरादून |

JAGOTEC Pvt. Ltd. Dehradun